<u>प्रेस नोट</u>

<u>दिनांक 30.10.2024</u>

<u>दीपावली की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा कस्बा मौदहा में किया गया पैदल गस्त:</u>

आज दिनांक 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर थाना मौदहा अंतर्गत कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त एवं भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया । ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । सड़क किनारे लगने वाले अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही जनता को त्यौहार की शुभकामना दी गई एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। दीपावली पर्व के दौरान नागरिकों से सावधानी बरतने के लिए कहा गया एवं सभी वर्गों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए मिलजुल कर त्यौहा रमनाने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।